देवली में 30 लाख से अधिक कीमत की वृक्ष संपत्ति बंदरबाट की भेंट चढ़ी!

मामले की जानकारी लेने पर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने चुप्पी साधी

देवली, (निसं)। यहां दो वर्ष पहले देवली शहर के जयपुर और कोटा रोड का निर्माण देवली पालिका द्वारा करवाया गया था। उस समय रोड निर्माण के दौरान दर्जनों प्रतिबंधित एवं गैर प्रतिबंध हरे वृक्ष काटे गए थे। इस मामले पर इन दिनों यहां चर्चाओं का बाजार गरम बना हुआ है। चर्चा यह है कि उक्त दौरान काटे गए लगभग 10 दर्जन हरे वृक्षों की लकड़ियां आखिर गई कहां, क्या हरे वृक्षों की लकड़ियों की नीलामी हुई, अगर नहीं तो फिर लगभग 30 से 35 लाख रुपए कीमत के वृक्ष संपत्ति का क्या हुआ। इस मामले में पालिका के अधिकारी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। वृक्षों की कटाई से प्राप्त लकड़ियों को धरती निगल गई या आसमान खा गया,? के इस सवाल पर मामला यह है कि दो साल पहले लाखों रुपए की बेशकीमती हर वृक्षों की लकड़ी कहीं बंदरबाट की भेंट तो नहीं चढ़ गई।

उल्लेखनीय है कि देवली नगर पालिका ने सत्र 2022-23 में 17 करोड़ की लागत पर ढाई-ढाई किलोमीटर के दो रोड का निर्माण करवाया था। इनमें एक रोड तो टोंक जिले नगर पालिका देवली के अधिकार क्षेत्र का है। तो वहीं दूसरा कोटा रोड जो कि अन्य जिले यानी के भीलवाड़ा जिला क्षेत्र का है। ऐसे में उस दौरान रोड निर्माण की आड़ में कोटा रोड पर से लगभग पांच दर्जन से अधिक हरे भरे विशाल वृक्षों की कटाई कर दी गई थी। रोड निर्माण के उक्त दौरान देवली पालिका और ठेकेदार ने प्रतिबंध नीम, शीशम, पीपल, आम, गुलमोहर और भारी भरकम सफेदा के वृक्ष काटे दिये थे। इसी प्रकार जयपुर रोड निर्माण दौरान लगभग 4 से 5 दर्जन भारी भरकम हरे-भरे वृक्षों की कटाई कर दी गई थी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि रोड निर्माण दौरान जिन हरे वृक्षों की कटाई की गई, उन भारी भरकम हरे वृक्षों से प्राप्त बेशकीमती लकड़िया देवली पालिका प्रशासन ने कहां सुरक्षित रखवाई। इसलिए कि देवली पालिका परिसर में उक्त रोड निर्माण के दौरान काटे गए वृक्षों की लकड़ियां दिखाई नहीं दे रही है।

दो साल पहले कोटा रोड पर हरे वृक्षों का झुंड था, जो आज नहीं है।

- दो वर्ष पहले देवली शहर के जयपुर और कोटा रोड का निर्माण देवली पालिका द्वारा करवाया गया था, उस समय दर्जनों प्रतिबंधित एवं गैर प्रतिबंध हरे वृक्ष काटे गए थे

इस मामले में लोगों ने जानकारी में बताया कि पालिका ने कोटा रोड और जयपुर रोड पर जिन हरे वृक्षों की कटाई करवाई थी, उन वृक्षों से प्राप्त लकड़ियों की कीमत लगभग 30 लाख रुपए से भी अधिक होनी चाहिये। इसके अलावा कोटा रोड पर ओम मेटल के बाहर रोड किनारे लगे हुए दर्जनों भारी भरकम सफेदा के वृक्ष भी सरकारी भूमि से गायब दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या देवली नगर पालिका प्रशासन ने रोड निर्माण दौरान काटे गए हरे भरे वृक्षों से प्राप्त लाखों रुपए कीमत की लकडियों की नीलामी करवाई है, या भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर तहसील कार्यालय से इनकी नीलाम हुई हो।

इस मामले में जब पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से जानकारी चाही तो अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने फोन रिसीव करना बंद कर दिया। इस पर उनके व्हाट्सऐप पर संदेश भेजकर उक्त मामले की जानकारी चाही गई। यह बताते हुए कि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा अभी हाल ही में 2 वर्ष पहले जयपुर और कोटा रोड का फोरलेन निर्माण करवाया गया था। उक्त दौरान देवली पालिका प्रशासन के ठेकेदार ने दर्जनों विशालकाय हरे-भरे वृक्षों की कटाई कर दी थी। उक्त दौरान काटे गये दर्जनों वृक्षों से प्राप्त मोटे तने की लकड़ियों को किस स्थान पर रखवाया गया। या किस कार्य में इस्तेमाल लिया गया, या इनका स्टॉक कहां रखा हुआ है, या इनकी नीलामी कब करवाई गई, अगर नीलामी हुई तो खरीदार द्वारा जमा कराई गई राशि देवली पालिका किस के मद में जमा हुई है एवं काटे गए कितने पेड़ों की लकड़ियों की नीलामी की गई लकडियों की नीलामी से पालिका कोष को कितना धन प्राप्त हुआ। इन सब सवालों के जवाब पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीना से मांगे गए, लेकिन सुरेश कुमार मीणा ने इस मामले में अब तक कोई जानकारी नहीं दी और अपने आप में चुप्पी साध ली।

प्रतिबंधित दवाइयों के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित दवा जब्त की।

- सी.बी.एन. जयपुर सेल के अधिकारियों ने तीन वाहनों व आवासीय परिसर में छापामार कर कार्रवाई की
- प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल, अल्प्राजोलम टेबलेट और कोडीन फॉस्फेट की बोतलें व नकदी बरामद की

कोटा, (निसं)। नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान को जारी रखते हुए मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए (सी.बी.एन) जयपुर सेल के अधिकारियों ने तीन वाहनों व आवासीय परिसर में छापामार कर प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल, अल्प्राजोलम टेबलेट और कोडीन फॉस्फेट की बोतलें जब्त करने के साथ नकद 42,780 रुपये बरामद किए गए। टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, यह कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति अपनी बाइक से छाबड़ा रोड, सोडाला पर प्रतिबंधित ट्रामाडोल ले जाने वाले हैं। सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और उक्त व्यक्तियों को रोकने के लिए टीम को रवाना किया गया। टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखने के बाद, संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की पहचान की गई और उन्हें चंबल पॉवर हाउस, छाबड़ा रोड़, जयपुर के पास रोक लिया और टीम ने मौके पर वाहनों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन के ऊपर डिब्बों में छुपाए गए 33 डिब्बों में 7920 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल और 118 कोडीन फॉस्फेट की बोतलें बरामद की गई।

उपनारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि पूछताछ के बाद एक टीम को सप्लायर को पकड़ने के लिये रवाना किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप वाले बालाजी, सोडाला के पास सप्लायर को रोक लिया। टीम ने मौके पर सप्लायर की तलाशी लेने पर तलाशी के दौरान अवैध दवा की बिक्री की राशि 42,780 रुपये नकद बरामद किए गए।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने पकड़े गये सप्लायर से पूछताछ के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीकर रोड़ स्थित आवासीय परिसर पर छापामार कार्रवाई करते हुए ट्रामाडोल की 2184 कैप्सूल, अल्प्राजोलम की 600 गोलियाँ और कोडीन फॉस्फेट की 97 बोतलें बरामद की। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद प्रतिबंधित दवाओं सहित 3 मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया गया तथा चार लोगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की जांच प्रकिया जारी है।

पत्नी और मासूम बेटे पर हमला कर पति ने सुसाइड किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिले में सोमवार को एक दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। पति-पत्नी के आपसी मनमुटाव में पति मरने और मारने तक पहुंच गया। उसने ना केवल अपनी पत्नी और मासूम बेटे पर तलवार से जानलेवा हमला कर दोनों को लहुलूहान कर दिया। तो वहीं खुद ने भी ट्रेन के आगे कूद जान दे दी।

जानकारी के मुताबिक आरएसी बीकानेर में कार्यरत इण्डाली गांव निवासी राजकुमार कांटीवाल की शादी करीब सात साल पहले नयासर गांव की कविता देवठिया के साथ हुई थी। राजकुमार आरएससी में जवान था, तो कविता देवठिया पंचायतराज विभाग में एलडीसी के पद पर कार्यरत है। कुछ सालों से दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। जो आज अलसुबह खूनी खेल में बदल गया। कविता अपने बच्चे के साथ किसान कॉलोनी की एक बिल्डिंग में किराए पर रहती है। बताया जा रहा है कि कविता और उसके पति राजकुमार के बीच सोमवार सुबह चार बजे अचानक झगड़ा हुआ।

इस दौरान जोर-जोर से झगड़े के बाद राजकुमार ने कविता के उपर तलवार से वार किए। इस दौरान बच्चे पर भी वार किया। दोनों की चीख-पुकार सुनकर पड़ौसी पहुंचे तो राजकुमार वहां से भाग गया। पड़ौसियों ने दोनों मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया। जहां से मां कविता की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर किया गया। हमले में कविता की अंगुली तक कटकर अलग हो गई और पूरे फ्लेट में खून ही खून बिखर गया। पुलिस आरोपी राजकुमार को तलाश कर रही थी कि इस घटना के करीब तीन घंटे बाद राजकुमार की लाश चिड़ावा कृषि मंडी के पास स्थित अंडरपास के समीप रेलवे ट्रेक पर मिली। राजकुमार ने अपनी गाड़ी को इसी अंडरपास के समीप खड़ी की और रेल के आगे कूद गया। रेलवे चालक ने लाश को रतनशहर तक पहुंचाया और फिर लाश को बगड सीएचसी रखवाया गया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इस मामले में मृतक राजकुमार के परिजनों ने चिडावा पुलिस को रिपोर्ट दी है। जिसमें उन्होंने मामले की जांच की मांग की है।

युवक की संदिग्ध हालत में मौत, परिजनों ने धरना दिया

बीकानेर, (निसं)। बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में बीकाजी की फैक्टरी के पीछे रहने वाले एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बीठनोक निवासी असगर के घर में शादी होने के कारण वह अपनी पत्नी-बच्चों को लेने बीकानेर गया था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। 15 अगस्त को उसे गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस से पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना के विरोध में मृतक के परिजनों ने मुर्दाघर के सामने धरना लगा दिया तथा आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। पुलिस के आश्वासन के बाद धरना उठाया गया। मृतक के भाई जब्बार की रिपोर्ट पर मुक्ता प्रसाद थाने में मृतक की पत्नी जायदा और उसकी मां अन्नू तथा खलील के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना बीछवाल स्थित बीकाजी की फैक्टरी के पीछे की बताई जा रही है। आरोप है कि तीनों ने षड़यंत्र रचकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। जब्बार ने खलील के उसकी भाभी के साथ अवैध संबंध होने का भी आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

मुक्ता प्रसाद थाना एसएचओ विजेंद्र सीला ने बताया कि असगर को 15 अगस्त को नशे की हालत में पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उसके शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार है। मुकदमे की जांच एसआई राजेंद्र को सौंपी गई है।

रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

जयपुर/सीकर, (निसं)। एसीबी की सीकर टीम ने पटवार हल्का खण्डेलसर तहसील दांतारामगढ़ के पटवारी सुनील कुमार को विरासत का नामांतरण भरने की एवज में परिवादी से तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपित पटवारी ने परिवादी से नौ हजार रुपये बतौर रिश्वत की मांग करने तथा रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान छह हजार रुपये प्राप्त कर शेष तीन हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी की सीकर टीम को परिवादी ने शिकायत ने दी कि उसके विरासत का नामान्तरण भरने की एवज में पटवारी सुनील कुमार नौ हजार की रिश्वत मांग रहा है जिस पर एसीबी सीकर टीम ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पटवारी को तीर हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

घर में अकेली रहने वाली महिला की मौत

अनूपगढ़, (निसं)। प्रेमनगर में एक महिला का शव उसके घर की छत पर चारपाई पर मिला। मृतका की पहचान गीता देवी (47) के रूप में हुई। वह पति खेताराम मेघवाल से अलग रहकर दिहाड़ी मजदूरी करती थी। गीता देवी 15 अगस्त को सतराना स्थित अपने पिता के घर से लौटी थी। इसके बाद वह दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली। पड़ोसियों को शक होने पर उन्होंने छत पर जाकर देखा। महिला बेसुध अवस्था में मिली। पुलिस को सूचना दी गई। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव पर फफोले थे और शरीर काला पड़ गया था। एफएसएल टीम ने जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध परिस्थिति नहीं मिली। मृतका के पिता उत्तमा राम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

अवैध गांजा की खेती पकड़ी, एक गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। वजीरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध गांजा खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जीवली गांव के एक खेत से 19.310 किलो गांजे के हरे पौधे जब्त किए हैं। वहीं आरोपी मोहर सिंह (52) को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार थानाधिकारी टीनू सोगरवाल की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जीवली गांव में एक व्यक्ति गांजे की खेती कर रहा है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। खेत की जांच में पाया गया कि अमरूद और गन्ने के पेड़ों के बीच 5-6 फीट ऊंचे गांजे के पौधे छिपाकर उगाए गए हैं। मौके पर मौजूद मोहर सिंह ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसके पास गांजा उगाने का कोई लाइसेंस या अनुमति नहीं है। पुलिस ने इलेक्ट्रिक कटर से पौधों की कटाई कर उन्हें प्लास्टिक के कट्टों में सील किया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थानाधिकारी पीलोदा मानसिंह को केस की जांच सौंपी गई है।

पिता का सिर फोड़ा, मौत, बेटा गिरफ्तार

सिंघाना, (निसं)। थाना इलाके में एक बुजुर्ग पिता को उसके ही बेटे ने इतनी बुरी तरह पीटा कि इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। इसी बेटे ने करीब दो महीने पहले ही अपनी फेसबुक पर फोटो के साथ लिखा था कि रो पड़ा वह फकीर भी मेरी हाथ की लकीर देखकर तुझे अपने ही मारेंगे।

- घायल सुमेर सिंह ने जयपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, पुलिस हत्या के आरोपी बेटे से पूछताछ कर रही है

जानकारी के मुताकि यह घटना 10 अगस्त की है। मृतक सुमेर सिंह के बड़े बेटे संजय ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि 10 अगस्त को घर पर उसका छोटा भाई राकेश, उसके पिता सुमेर सिंह तथा माता घर पर थे। छोटे भाई राकेश और उसके पिता सुमेर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद राकेश ने घर में ही रखी लोहे की एंगल से सुमेर सिंह के सिर पर तीन-चार ताबड़तोड़ वार कर दिए। घायल सुमेर सिंह को पहले सिंघाना सीएचसी, फिर झुंझुनूं बीडीके अस्पताल ले जाया गया, जहां से जयपुर एसएमएस के लिए रैफर किया गया। जहां पर सुमेर सिंह का इलाज चला। लेकिन 16 अगस्त को सुमेर सिंह ने जयपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने संजय की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अपने पिता की हत्या के आरोप में राकेश को गिरफ्तार कर लिया है।

राकेश की गिरफ्तारी के बाद जब इस मामले का खुलासा हुआ तो सामने आया कि राकेश ने 29 जून को अपनी फेसबुक पर फोटो के साथ लिखा था कि रो पड़ा वह फकीर भी मेरी हाथ की लकीर देखकर तुझे अपने ही मारेंगे। राकेश को किसी अपने ने मारा हो या ना मारा है, लेकिन राकेश ने अपने पिता को जरूर मार दिया। यही नहीं राकेश अपने पिता के साथ जयपुर भी गया बताया। क्योंकि 13 अगस्त को ही उसने जयपुर में भर्ती अपने पिता की फोटो भी फेसबुक पर शेयर की थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों से भरी पिकअप पलटी, 25 घायल

रूपबास, (निसं)। रूपबास उपखण्ड के गांव जरैला के पास वैष्णो देवी दर्शन को जा रहे यात्रियों से भरी पिकअप पलटी गई। हादसे में 25 यात्री घायल हो गए, जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस ने रूपबास उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जिसमें गंभीर रूप से आठ घायल यात्रियों को भरतपुर जिला अस्पताल रैफर कर दिया है। वहीं हादसे की ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रूपबास थाना प्रभारी चंद्र मोहन, एएसआई हरदम सिंह, कांस्टेबल अमित, श्रीनिवास, अभिषेक तथा आरएसी मय जाब्ता तथा पुलिस वाहन मौके पर पहुंचे तथा गंभीर घायलों को तुरंत रूपबास उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

- गंभीर रूप से आठ घायल यात्रियों को भरतपुर जिला अस्पताल रैफर किया, उपचार जारी
- जरैला गांव के निकट गौवंश को बचाने के चक्कर में बस ड्राइवर का संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ

पुलिस ने अस्पताल में जाकर घायलों से जानकारी ली।

रूपबास उपजिला चिकित्सालय इंचार्ज बीसीएमओ लखन चौधरी ने बताया कि रूपबास चिकित्सालय में 18 घायलों को लाया गया, जिसमें 8 घायलों को भरतपुर रैफर किया गया है, जिसमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रुपबास के चकसमारी गांव से वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों से भरी पिकअप पलटने से 25 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 15 यात्रियों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। 4 से 5 यात्री गंभीर घायल हैं। जानकारी के अनुसार भरतपुर से ट्रेन रिजर्वेशन था, इसलिए सभी यात्री एक पिकअप द्वारा आगरा रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए। अचानक जरैला गांव के निकट गौवंश सामने आ जाने से गौवंश को बचाने की कोशिश में पिकअप पलट गई। पिकअप वाहन पलट जाने से सभी यात्री बुरी तरह घायल हो गए। वाहन चालक को भी चोट आई है। उसके हाथ की चार उंगली कट जाने की खबर है तथा और भी सभी यात्रियों को चोटें आईं हैं। जिन यात्रियों को चोट कम आई हैं उन्हें रूपबास उपजिला चिकित्सालय से छुट्टी देकर घर भेज दिया गया है। भरतपुर हॉस्पिटल में घायलों का इलाज चल रहा है।

दस क्विंटल से ज्यादा अवैध डोडा-पोस्त बरामद

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पश्चिम की स्पेशल टीम और राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चौखा हाइवे पर एक मिनी ट्रक को रूकवाया। ट्रक में खाद भरी होने की जानकारी दी गई, मगर जब तलाशी ली गई तो खाद के कट्टों के नीचे अवैध डोडा-पोस्त के कट्टे मिले। ट्रक से करीब दस क्विंटल से ज्यादा अवैध डोडा-पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस ने मिनी ट्रक के चालक और परिचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ आरंभ की है। अवैध डोडा-पोस्त की अनुमानित कीमत लाखों में बताई जाती है।

राजीव गांधी नगर पुलिस और जिला पश्चिम की स्पेशल टीम ने चौखा हाइवे पर अलसुबह नाकाबंदी की थी। तब डीएसटी वेस्ट को मुखबिर सूचना मिली कि हाइवे से निकलने वाले एक मिनी ट्रक में अवैध डोडा-पोस्त भरा हुआ है। इस पर चौखा हाइवे से निकलने वाले ट्रक को रूकवाकर चालक से पूछताछ किए जाने पर उसने बताया कि उसमें खाद के कट्टे भरे हैं। तब पुलिस ने गाड़ी की तलाशी। खाद के कट्टों के नीचे डोडा-पोस्त के कट्टे मिले। दोपहर तक पुलिस कट्टों की संख्या और अनुमानित वजन करने में लगी थी। प्रथमदृष्टया बताया गया कि मिनी ट्रक से दस क्विंटल से ज्यादा डोडा पोस्त लदा हुआ था।

- मिनी ट्रक की तलाशी के दौरान खाद के कट्टों के नीचे डोडा-पोस्त के कट्टे मिले
- पुलिस ने मिनी ट्रक चालक और परिचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की

कपिल सरोवर में बच्चे की डूबने से मौत : बीकानेर में कपिल सरोवर में रविवार रात लापता हुए आठ वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गणेश पुत्र प्रसाद निवासी कुन्हाड़ी कोटा रविवार रात कपिल सरोवर परिसर से अचानक लापता हो गया था। बच्चे की गुमशुदगी की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी, जिसके बाद तलाश शुरू की गई। पुलिस और परिजनों की कोशिशों के बावजूद बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। बच्चे के कपिल सरोवर में डूबने की आशंका जताने पर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने कपिल सरोवर में सर्च अभियान चलाकर बच्चे का शव बाहर निकाला। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को कोलायत सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांक :- एफ/सावि/खु.नि. स्टोर/2025-26/01 दिनांक :- 14/08/2025

खुली निविदा सूचना

महाविद्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सफाई कार्य हेतु खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की अंतिम तिथी 28.08.2025 है। निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.raubikaner.org and http://www.sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा निरस्त करने का अधिकार महाविद्यालय के पास सुरक्षित है।

NIB Code : SKA2526A0024, UBN No. : SKA2526SSRC00041

राज.संवाद/सी/25/8297 अधिष्ठाता

कार्यालय नगर परिषद् बांसवाडा (राज.)

फोन : 02962-243714, 247201, फैक्स : 02962-243714 Email Id :palika.bsw@gmail.com

क्रमांक : एफ 5( )निर्माण/न.प.बा./2025-2026/3129-31 दिनांक : 11.08.2025

निविदा सूचना सं. 06/2025-26

(NIB NO DLB2526A4719)

सक्षम स्तर पर पंजीकृत संवेदक से कुल 01 निर्माण कार्य जिसकी कुल लागत 15.00 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा डाउनलोड की अवधि दिनांक 13/08/2025 प्रातः 9 बजे एंव दिनांक 23/08/2025 सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित अन्य शर्तें एवं विवरण पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajsthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. DLB2526WSOB14561 आयुक्त

राज.संवाद/सी/25/8313 नगर परिषद्, बाँसवाड़ा

Office of the Superintendent Engineer and Project Manager WCDC, Karauli

No. :- 1258 Date :- 14/08/2025

NOTICE INVITING BID

NIB No. : 24,25/2025-26

Bids for Various works of Project PMKSY 2.0 of estimated value INR (107.98+59.79+46.06+126.98) 340.81 Lacs, 15.51 Lacs are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 24-08-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, departmental website.

NIB Code & UBN No. :- WSC2526A0640, WSC2526WSRC01103 To 01106

NIB Code & UBN No. :- WSC2526A0643, WSC2526WSRC01107

Raj.Samwad/C/25/8314 Superintending Engineer and Project Manager

कार्यालय नगर परिषद बारां

E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

कमाक.-न.प.बारां/मेला शाखा/2025/4022-23 दिनांक : 14.08.2025

अभिव्यक्ति की अभिरूचि (Expression of Interest-EOI) का आमत्रण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हर वर्श की भांति नगर परिषद बारां द्वारा डोल मेला 2025 का आयोजन दिनांक 03.09.2025 से किया जा रहा है। डोल तालाब में नांव संचालन (पेडल बोट व मोटर बोट) हेतु EOI आमंत्रित की जाती है जिसमें इच्छुक निविदादाता एक मुश्त दर बन्द लिफाफे में भरकर नगर परिषद बारां कार्यालय (मेला शाखा) में दिनांक 20.08.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक जमा करा सकते है। निविदा दिनांक 20.08.2025 को 04.00 बजे खोली जायेगी। यह कार्य मेला अवधि के लिये किराये की निविदादाता संवेदक को संलग्न शर्तो की पालना करना अनिवार्य है।

विस्तृत अभिव्यक्ति की अभिरूचि (EOI) नगर परिषद कार्यालय तथा वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in से प्राप्त/डाउनलोड़ की जा सकती है।

UBN No. : DLB2526SSOB14659

राज.संवाद/सी/25/8268 आयुक्त

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

स्वास्थ्य भवन,त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर

फोन-0151-2201142, email-eemhbikaner@ymail.com

क्रमांक-EE/M&H/BKN/2025-26/1489 दिनांक- 05.08.2025

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-32/2025-26

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर एवं श्री गंगानगर में कुल रू. 257.72 लाख के 15 स्वास्थ्य केन्द्रो पर विद्युत कार्यो हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN - 1. NRH2526WSOB00853, 2. NRH2526WSOB00854, 3. NRH2526WSOB00855, 4. NRH2526WSOB00856, 5. NRH2526WSOB00857, 6. NRH2526WSOB00858, 7. NRH2526WSOB00859, 8. NRH2526WSOB00860, 9. NRH2526WSOB00861, 10. NRH2526WSOB00862, 11. NRH2526WSOB00863, 12. NRH2526WSOB00865, 13. NRH2526WSOB00867, 14. NRH2526WSOB00868, 15. NRH2526WSOB00869

(शिम्भू राम जाटव)

अधिशाषी अभियन्ता

DIPR/C/11528/2025 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर